AGRA POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट थाना एत्मादपुर जनपद आगरा। **दिनांक 26.07.2022**

थाना एत्मादपुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में अपर अभियन्ता के साथ मारपीट की घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

दिनांक 25.07.2022 को वादी केतकार सिंह द्वारा थाना एत्मादपुर पर सूचना दी कि मैं 33/11 केवी उपकेन्द्र कुबेरपुर एवं रहनकला पर अपर अभियन्ता के पद कार्यरत हूँ। आज मैं उपकेन्द्र पर विभागीय कार्य कर रहा था, इस दौरान कई वर्षों से बन्द पड़े ट्रांसफार्मर, जो एक कम्पनी ने स्थापित किया था परन्तु अभी लाईन निर्माण कार्य पूर्ण नह होने के कारण इस्तेमाल में नहीं के सम्बन्ध में मेरे सीयूजी पर फोन आया कि आप सभी कहां पर हो, इसके बाद फोन पर ही गाली गलौच शुरू कर दी। इसके 10 मिनट बाद मेरे कार्यालय पर धर्मेन्द्र यादव एवं विजयपाल उर्फ पिस्सू अपने 02 अन्य साथियों सहित गाली गलौच करते हुए आये और सरकारी दस्तावेज फाड़ते हुए मेरे साथ मारपीट कर दी और फर्नीचर तोड़ते हुए मेरे सिर फोड़ दिया। इस सम्बन्ध में थाना एत्मादपुर पर मु0अ0सं0 239/22 धारा 323/332/353/427/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया।

उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पश्चिमी के नेतृत्व में, क्षेत्राधिकारी एत्मादपुर के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी एत्मादपुर को टीम गठित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में दिनांक 26.07.2022 को पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे। इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्तगण कहीं जाने की फिराक में नोएडा कट कुबेरपुर पर खड़े हुए हैं।

इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा एक बारगी दबिश देते हुए दो अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर लिया गया।

अभियुक्तगण का नाम :–

01. धर्मेन्द्र सिंह यादव पुत्र होतीलाल यादव नि0 ग्राम धौर्रा थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।
02. विजयपाल उर्फ पिस्सू पुत्र सुजान सिंह नि0 ग्राम धौर्रा थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।

आपराधिक इतिहास का विवरण :–

मु0अ0सं0 239/22 धारा 323/332/353/427/504/506 भादवि थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।

पुलिस टीम का विवरण :–

01. थानाध्यक्ष श्री अरूण कुमार बालियान थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।
02. उ0नि0 राकेश कुमार थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।
03. उ0नि0 खुबेब अहमद थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।
04. है0का0 मुकेश कुमार थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।
05. का0 सौरभ चौहान थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।

मीडिया सेल जनपद आगरा।